कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001

प्रेस नोट संख्या– 28 दिनांक– 18 सितंबर 2025

# प्रेस विज्ञप्ति

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

– राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गई विभिन्न विषयों पर चर्चा

– सीईओ ने की राजनैतिक दलों से की शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों के पोलिंग बूथों का पुनर्निधारण, 2 किलोमीटर से अधिक पैदल दूरी एव 1200 से अधिक मतदाताओं वाले पोलिंग बूथों का पुनर्निधारण, नए प्रस्तावित पोलिंग बूथों पर बीएलओ की तैनाती एवं बूथ लेवल एजेंट्स की तैनाती के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं के साथ–साथ राजनैतिक दलों की अहम भूमिका होती है जिसके लिए जरुरी मुख्य है कि हर पोलिंग बूथ पर राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से अपील की है कि सभी मी दल अपने बूथ लेवल एजेंट्स की शतप्रतिशत तैनाती की जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों से यह भी अपील की कि जिनके बीएलए–1 में नामित किए जा चुके हैं वे बीएलए–2 की भी नियुक्ति शीघ्र करें।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास सहित सीपीआई (एम) से श्री अनंत आकाश, कांग्रेस से डॉ प्रतिमा सिंह, दिनेश सिंह,बीएसपी से श्री सत्येंद्र सिंह, श्री सतेंद्र, बीजेपी से श्री पुनीत मित्तल, संजीव विज, पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

******

0135-271365 election09@gmail.com uttarakhand_ceo www.ceo.uk.gov.in

# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी , उत्तराखण्ड
# Office: Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल 4-सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर देहरादून-248001



0135-271365 election09@gmail.com uttarakhand_ceo www.ceo.uk.gov.in



"Nothing Like Voting, I Vote for Sure" "वोट जैसा कुछ नहीं, वो जरूर डालेंगे हम"